संख्या जेड-25011/03/2019-सामान्य
भारत सरकार
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय
स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय
(सामान्य अनुभाग)

निर्माण भवन, नई दिल्ली- 110011
दिनांक 23 अक्टूबर, 2019

परिपत्र

माननीय प्रधान मंत्री द्वारा परिकल्पित स्वस्थ भारत पहल के क्रम में स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय अपने तथा स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के स्टाफ में जागरूकता पैदा करने के लिए **विषय आधारित स्वास्थ्य संबंधी वार्तालाप** का आयोजन कर रहा है। विशेषज्ञों द्वारा दिए जाने वाले इन व्याख्यान का उद्देश्य देश में विभिन्न जन स्वास्थ्य समस्याओं की रोकथाम और निपटान हेतु आम आदमी को संवेदनशील बनाना है। प्रतिभागियों को प्रोत्साहित किया जाता है कि वे अपने परिजनों और परिचितों को बीमारियों से रोकथाम के उपायों और स्वस्थ जीवन शैली को अपनाने के लिए प्रेरित करें। पर्चे आदि के रूप में आईईसी सामग्री भी उपलब्धि के अनुसार प्रदान की जाएगी।

2. इस निदेशालय द्वारा विभिन्न स्वास्थ्य मुद्दों पर 41 स्वास्थ्य संबंधी वार्तालापों का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय/मंत्रालय के अधिकारियों/कर्मचारियों की सक्रिय प्रतिभागिता को बढ़ावा देने की महत्ता को ध्यान में रखते हुए **रिसोर्स सेंटर, स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय (कमरा सं. 445-ए), निर्माण भवन में दिनांक 24 अक्टूबर, 2019 (गुरूवार) को अपराह्न 4.00 से 5.00 बजे एक प्रश्नोत्तरी (Quiz) कार्यक्रम आयोजन किया जाएगा**। इसके बाद अल्पाहार प्रदान किया जाएगा। यह प्रश्नोत्तरी, विशेषज्ञों के साथ स्वास्थ्य संबंधी विषयों पर आयोजित वार्तालापों पर आधारित होगी।

3. स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय तथा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के समस्त अधिकारियों/कर्मियों से अनुरोध है कि वे इस प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम में भाग लें।

(डॉ. तनु जैन)
सहायक महानिदेशक (टीजे)

सेवा में,

स्वा. सेवा महानिदेशालय और स्वा. एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के सभी स्टाफ।

प्रतिलिपि:-

1. सभी उपमहानिदेशकों/प्रधान परामर्शदाता (बीडीए)/प्रधान परामर्शदाता (पीजी)/प्रधान सलाहकार (एनएसडी)/ सभी सलाहकारों/अपर निदेशक (पीए)।
2. स्वा. और परिवार परिवार कल्याण मंत्रालय में कार्यरत सभी संयुक्त सचिव और निदेशकगण।
3. स्वा. सेवा महानिदेशालय/स्वा. और परिवार कल्याण मंत्रालय में कार्यरत संविदाकर्मियों सहित सभी अधिकारी/कर्मचारी।
4. स्वा. सेवा महानिदेशक के प्रधान निजी सचिव।
5. स्वा. सेवा अपर महानिदेशक के प्रधान निजी सचिव।
6. संयुक्त सचिव (प्रशासन), स्वा. और परिवार कल्याण मंत्रालय के प्रधान निजी सचिव।
7. संयुक्त सचिव (आरएम), स्वा. सेवा महानिदेशालय के निजी सचिव।

प्रतिलिपि:-

i. अनु. अधिकारी (सामान्य), स्वा. सेवा महानिदेशालय को कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों हेतु चायपान का प्रबंध करने के लिए।
ii. श्री अरूण कुमार पूरी, फोटो अधिकारी, स्वा. एवं परिवार कल्याण मंत्रालय को इस कार्यक्रम की फोटोग्राफी हेतु।
iii. प्रभारी, आइटी प्रकोष्ठ को स्वा. सेवा महानिदेशालय एवं स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की वेबसाइट पर अपलोड करने के लिए।